DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPE नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 9 सितंबर 2022 DATED

असिता ईस्ट में सैर करने के लिए तय करनी पड़ेगी 4-5 किमी ज्यादा दूरी

यमुनापार के लोगों के लिए पुश्ता रोड पर एंट्री गेट बनाने की मांग

■ प्रमुख संवाददाता, ईस्ट दिल्ली

ईस्ट दिल्ली के लोगों के लिए असिता ईस्ट पार्क बनकर तैयार तो हो गया है, लेकिन लोगों को पार्क तक पहुंचने के लिए 3-4 किलोमीटर ज्यादा सफर तय करना होगा। इसके लिए पहले यमुना पार करनी होगी। आईटीओ रेडलाइट से यू-टर्न लेकर करीब एक किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। फिर यमुना ब्रिज पार करते ही असिता ईस्ट का मेन एंट्री गेट बना हुआ है। आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों का कहना है कि इतना लंबा सफर तय करना मुश्किल होगा। यमुनापार के लोगों के लिए पुश्ता रोड पर एंट्री गेट बनाना चाहिए था।

डीडीए की ओर से यमुना किनारे की जमीन को इस तरह से डिवलेप किया जा रहा है कि आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोग सुबह और शाम यहां आकर प्राकृतिक वातावरण में साफ हवा में सांस ले पाएं। लोग परिवार के साथ यहां पिकनिक भी मना सकते हैं। पार्क भले ही पुश्ता रोड के साथ बसी लक्ष्मी नगर, शकरपुर, किशन कुंज और ललिता पार्क सहित अन्य कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिवलेप किया गया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग पार्क तक पहुंचेंगे कैसे? अगर इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग सुबह या शाम के समय अपने परिवार के साथ पार्क में आना चाहते हैं तो पहले उन्हें 3-4 किलोमीटर का सफर तय करके आईटीओ पहुंचना होगा।

लॉकिंग टाइल्स से बनाया गया वॉक-वे का काफी हिस्सा अब भी पानी में डूबा है

- लक्ष्मी नगर, शकरपुर, किशन कुंज और ललिता पार्क सहित आसपास की कई कॉलोनियों को लोगों को होगी परेशानी
- यह पार्क यमुना ब्रिज के किनारे से लेकर पुश्ता रोड तक फैला हुआ है

पार्क में अगर सुविधाओं की बात करें तो सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां दिन के समय आठ और रात के समय आठ सिक्युरिटी गार्ड तैनात रहते हैं। पार्क में रोशनी के लिए 20-25 सोलर लाइटें भी लगी हुई हैं। हालांकि लॉकिंग टाइल्स से बनाया गया वॉक-वे का काफी हिस्सा अब भी पानी में डूबा हुआ है।